

# Chapter 25
# हैलोजनयुक्त यौगिक

हैलोजन परमाणुओं द्वारा, हाइड्रोकार्बनों से एक या अधिक संगत हाइड्रोजन परमाणुओं के विस्थापन से उत्पन्न होने वाले यौगिकों को हैलोजन व्युत्पन्न (हैलोजन युक्त यौगिक) कहते हैं। हाइड्रोकार्बनों के हैलोजन व्युत्पन्नों को तीन भागों में वर्गीकृत किया गया है।

संतृप्त हाइड्रोकार्बनों के हैलोजन व्युत्पन्न (एल्केन्स)-हैलो एल्केन्स असंतृप्त हाइड्रोकार्बनों के हैलोजन व्युत्पन्न (एल्कीन्स और एल्काईन्स)- हैलोएल्कीन या हैलोएल्काईन एरोमैटिक हाइड्रोकार्बनों के हैलोजन व्युत्पन्न (एरीन्स)- हैलो-एरीन

## एल्किल हैलाइडों के निर्माण की सामान्य विधियाँ
## (General method of preparation of alkyl halides)

(1) **एल्केन्स से**

(i) ***हैलोजनीकरण द्वारा***:

$$\underset{\text{एथेन}}{C_2H_6}\ (\text{आधिक्य}) + Cl_2 \xrightarrow{hv} \underset{\text{एथिल क्लोराइड (मुख्य उत्पाद)}}{C_2H_5Cl} + HCl$$

$$\underset{\text{प्रोपेन}}{CH_3CH_2CH_3} \xrightarrow[\text{पराबैंगनी प्रकाश}]{Cl_2} \underset{1-\text{क्लोरोप्रोपेन} (45\%)}{CH_3CH_2CH_2Cl} + \underset{\text{2- क्लोरोप्रोपेन (55\%)}}{CH_3\underset{|}{\underset{Cl}{C}}HCH_3}$$

यह अभिक्रिया मुक्त मूलक क्रियाविधि से होती है।

❒ *दिये गए एल्केन्स में $X_2$ की क्रियाशीलता का क्रम है* $F_2 > Cl_2 > Br_2 > I_2$.

❒ *एल्केन्स की क्रियाशीलता का क्रम है :*

*3°एल्केन > 2°एल्केन > 1°एल्केन*

(ii) ***सल्फ्यूरिल क्लोराइड के साथ***:

$$R-H+SO_2Cl_2 \xrightarrow[\text{कार्बनिक परॉक्साइड } (R'CO_2)_2]{hv} R-Cl+SO_2+HCl$$

❒ *प्रकाश और कार्बनिक परऑक्साइड की उपस्थिति में अभिक्रिया तेज हो जाती है।*

(2) **एल्कीन्स से** (इलेक्ट्रॉन स्नेही योग द्वारा)

$$\underset{\text{ब्यूट}-2-\text{ईन}}{CH_3-CH=CH-CH_3} + HBr \rightarrow \underset{\text{2-ब्रोमोब्यूटेन}}{CH_3CH_2-\underset{\underset{Br}{|}}{C}H-CH_3}$$

❒ *कार्बनिक परऑक्साइड की उपस्थिति में असममित एल्कीन्स पर HBr का योग, परऑक्साइड प्रभाव या खराश प्रभाव कहलाता है।*

❒ *यह योग दो क्रियाविधियों द्वारा होता है।*

*(i) परऑक्साइड मुक्त मूलक क्रियाविधि को प्रारम्भ करता है।*

*(ii) मार्कोनीकॉफ का योग इलेक्ट्रॉनस्नेही क्रियाविधि के द्वारा होता है।*

❒ *हैलोजन अम्लों की क्रियाशीलता का क्रम है,* $HI > HBr > HCl > HF$

(3) **एल्कोहल से**

(i) ***हैलोजन अम्लों की अभिक्रिया के द्वारा***

ग्रूव की विधि :

$$\underset{\text{एल्कोहल}}{R-OH} + H-X \xrightarrow[300°C]{\text{निर्जलीय } ZnCl_2} \underset{\text{हैलो एल्केन}}{RX} + H_2O$$

❒ *ऊपर दी गई अभिक्रिया में HX की क्रियाशीलता का क्रम है :* $HI > HBr > HCl > HF$

❒ *एल्कोहल की क्रियाशीलता का क्रम* $3° > 2° > 1° > MeOH$ .

❒ *2° और 3° एल्कोहल $S_{N^1}$ क्रियाविधि दर्शाते हैं, जबकि 1° और MeOH $S_{N^2}$ क्रियाविधि दर्शाते हैं।*

❒ *सांद्र HCl +निर्जलीय $ZnCl_2$ ल्यूकास अभिकर्मक के नाम से जाना जाता है।*

(ii) ***$PCl_5$ और $PCl_3$ का उपयोग***:

$$CH_3CH_2OH + \underset{\text{फॉस्फोरस पेंटाक्लोराइड}}{PCl_5} \longrightarrow \underset{\text{क्लोरोएथेन}}{CH_3CH_2Cl} + \underset{\text{फॉस्फोरस ऑक्सीक्लोराइड}}{POCl_3} + HCl$$

$$3CH_3CH_2OH + PCl_3 \longrightarrow \underset{\text{क्लोरोएथेन}}{3CH_3CH_2Cl} + \underset{\text{फॉस्फोरस अम्ल}}{H_3PO_3}$$

❒ *इस अभिक्रिया से हम ब्रोमीन और आयोडीन व्युत्पन्न प्राप्त नहीं कर सकते हैं क्योंकि $PBr_5$ और $PI_5$ अस्थायी होते हैं।*

❒ *यह विधि प्राथमिक एल्किल हैलाइडों की अच्छी मात्रा देती है लेकिन द्वितीयक और तृतीयक एल्किल हैलाइडों की अच्छी मात्रा नहीं देती है क्योंकि द्वितीयक और तृतीयक एल्कोहल गर्म करने पर एल्कीन बनाते हैं।*

(iii) ***थायोनिल क्लोराइड की अभिक्रिया के द्वारा*** (डारजन प्रक्रिया) : अभिक्रिया $S_{N^2}$ क्रियाविधि द्वारा होती है।

$$CH_3CH_2OH + SOCl_2 \xrightarrow{\text{पिरिडीन}} CH_3CH_2Cl + SO_2 + HCl$$

(4) **कार्बोक्सिलिक अम्लों के सिल्वर लवणों से** (हुन्सडीकर अभिक्रिया, मुक्त मूलक क्रियाविधि द्वारा विकार्बोक्सिलीकरण)

$$R - \underset{\underset{O}{\parallel}}{C} - O - Ag + Br - Br \xrightarrow[\text{विकार्बोक्सिलीकरण}]{CCl_4} R - Br + CO_2 \uparrow + AgBr \downarrow$$

❐ *एल्किल समूह की क्रियाशीलता है* $1° > 2° > 3°$

❐ *केवल ब्रोमाइड अच्छी मात्रा में प्राप्त होता है*

❐ *यह अभिक्रिया क्लोरीनीकरण के लिये उपयुक्त नहीं हैं क्योंकि इसमें उत्पाद की मात्रा बहुत कम बनती है।*

❐ *इस अभिक्रिया में आयोडीन एल्किल हैलाइड की जगह एस्टर बनाती है और अभिक्रिया को बिर्नबोर्न सिमोनिनी अभिक्रिया कहते हैं।*

$$2R - COOAg + I_2 \longrightarrow RCOOR' + 2CO_2 + 2AgI.$$

(5) **फिंकेल्स्टीन अभिक्रिया से** (हैलाइड विनिमय विधि) :

$$R - X + NaI \xrightarrow[\text{पश्चवाहन}]{\text{एसीटोन}} R - I + NaX (X = Cl, Br)$$

❐ *इस विधि से एल्किल फ्लोराइडों का निर्माण नहीं किया जा सकता है। इन्हे संगत क्लोराइड पर $Hg_2F_2$ या एन्टीमनी ट्राई फ्लोराइड की क्रिया द्वारा प्राप्त किया जा सकता है। (स्वार्ट्स अभिक्रिया)*

$$2CH_3Cl + Hg_2F_2 \rightarrow \underset{\text{मेथिल फ्लोराइड}}{2CH_3F} + Hg_2Cl_2$$

(6) **अन्य विधियाँ**

$$ROH \xrightarrow{KI, H_3PO_4} R - X$$
$$ROH \xrightarrow[\text{राइडोम विधि}]{X_2 + (PhO)_3P} R - X$$
$$\text{डाईहैलाइड} \xrightarrow[HCl]{Zn - Cu} R - X$$
$$RMgX \xrightarrow{X_2} R - X$$
$$ROR \xrightarrow{PCl_5} R - X$$

## एल्किल हैलाइडों के गुण (Properties of alkyl halides)

(1) **भौतिक गुण**

(i) $CH_3F, CH_3Cl, CH_3Br$ और $C_2H_5Cl$ कमरे के ताप पर गैस हैं। $C_{18}$ तक के एल्किल हैलाइड रंगहीन द्रव होते हैं जबकि उच्च सदस्य ठोस होते हैं।

(ii) एल्किल हैलाइड जल में अघुलनशील होते हैं जबकि कार्बनिक विलायक में घुलनशील होते हैं।

(iii) ये ताँबे के तार पर हरी ज्वाला के साथ जलते हैं (हैलोजन के लिये बेलस्टीन परीक्षण)

(iv) एल्किल ब्रोमाइड और आयोडाइड जल से भारी होते हैं, एल्किल क्लोराइड और फ्लोराइड जल से हल्के होते हैं।

(v) प्रकाश में रखने पर एल्किल आयोडाइड बैंगनी या भूरे रंग के हो जाते हैं। क्योंकि प्रकाश में ये विघटित हो जाते हैं ।

$$2RI \xrightarrow{\text{प्रकाश}} R - R + I_2$$

(vi) दिये गये एल्किल समूह के लिये, एल्किल हैलाइडों के क्वथनांक का क्रम है $RI > RBr > RCl$ और दिये गये हैलोजनों के लिये एल्किल हैलाइडों का क्वथनांक एल्किल समूह के आकार के बढ़ने के साथ बढ़ता है।

(vii) सामान्यतः एल्किल हैलाइड हानिकारक यौगिक होते हैं और अधिक मात्रा में साँस के साथ अन्दर लेने पर बेहोशी आती है।

(2) **रासायनिक गुण :** एल्किल हैलाइड बहुत सक्रिय होते हैं सक्रियता का क्रम है,

आयोडाइड > ब्रोमाइड > क्लोराइड (हैलोजन परमाणु की प्रकृति)

तृतीयक > द्वितीयक > प्राथमिक (हैलोजन परमाणु का प्रकार)

प्राथमिक एल्किल हैलाइडों की सक्रियता का क्रम है, $CH_3X > C_2H_5X > C_3H_7X$

एल्किल हैलाइडों की उच्च क्रियाशीलता को $C - X$ बंध की प्रकृति के शब्दों में व्यक्त कर सकते हैं जो कि अधिकतम ध्रुवित सहसंयोजक बंध है जिसका कारण कार्बन और हैलोजन परमाणुओं की ऋण विद्युत्ता में अधिक अंतर का होना है। हैलोजन परमाणु कार्बन परमाणुओं की अपेक्षा अधिक विद्युत ऋणात्मक होता है और इसके कारण से यह आंशिक ऋण आवेश तथा कार्बन आंशिक धन आवेश ग्रहण कर लेता है।

$$-\overset{\delta^+}{C} - \overset{\delta^-}{X}$$

यह ध्रुवीयता अभिक्रियाओं के लिये उत्तरदायी है।

(i) नाभिकस्नेही प्रतिस्थापन अभिक्रियाएँ (ii) विलोपन अभिक्रियाएँ

(i) ***नाभिकस्नेही प्रतिस्थापन (S) अभिक्रियाएँ*** : नाभिकस्नेही समूहों (इलेक्ट्रॉन युक्त प्रजाति) द्वारा आक्रमण के लिये $C^{\delta^+}$ सिरा उचित है

$$Nu^- + R - X \longrightarrow Nu - R + X^-$$

$$R - X \xrightarrow[\text{मंद}]{-X^-} R^+ \xrightarrow[\text{तीव्र}]{Nu^-} R - Nu \quad (S_{N^1} \text{ अभिक्रिया})$$

$$Nu^- + R - X \xrightarrow{\text{मंद}} \underset{\text{संक्रमण अवस्था}}{Nu.....R.....X} \xrightarrow{\text{तीव्र}} Nu - R + X^-$$

($S_{N^2}$ अभिक्रिया)

*S अभिक्रियाओं के उदाहरण,*

(a) *जल अपघटन* :

$$\underset{\text{एल्किल हैलाइड}}{RX} + AgOH \longrightarrow \underset{\text{एल्कोहल}}{ROH} + AgX$$

$$RX + KOH(aq) \longrightarrow ROH + KX$$

❐ *इस अभिक्रिया की सहायता से एल्कीन एल्कोहल में परिवर्तित हो सकती है। एल्कीन सबसे पहले HBr के साथ अभिक्रिया करके एल्किल ब्रोमाइड का निर्माण करती है और जल अपघटित होकर एल्कोहल देती है ।*

$$\underset{\text{एथिलीन}}{CH_2 = CH_2} \xrightarrow{HBr} \underset{\text{एथिल ब्रोमाइड}}{CH_3CH_2Br} \xrightarrow{AgOH} \underset{\text{एथिल एल्कोहल}}{CH_3CH_2OH}$$

(b) *एल्कॉक्साइड या शुष्क सिल्वर ऑक्साइड की अभिक्रिया* : एल्किल हैलाइड को सोडियम या पोटेशियम एल्कोक्साइड या शुष्क $Ag_2O$ के साथ गर्म करने पर ईथर का निर्माण होता है $OR^-$ आक्रमणकारी नाभिक स्नेही समूह है। (विलियमसन संश्लेषण)

$$RX + NaOR' \xrightarrow{\text{गर्म}} \underset{\text{असममित ईथर}}{ROR'} + NaX$$

$$2RX + Ag_2O \longrightarrow \underset{\text{सममित ईथर}}{R - O - R} + 2AgX$$

(c) *सोडियम या पोटेशियम हाइड्रोजन सल्फाइड से अभिक्रिया* :

$$RX + \underset{\text{सोडियम हाइड्रोजन सल्फाइड}}{NaSH} \longrightarrow \underset{\text{थायोएल्कोहल या एल्केनथायोल या एल्किल मरकैप्टन}}{RSH} + NaX$$

(d) *एल्कोहलिक पोटेशियम सायनाइड और सिल्वर सायनाइड के साथ अभिक्रिया* :

$$RX + KCN \xrightarrow{\text{एल्कोहल}} \underset{\text{एल्किल सायनाइड या एल्केन नाइट्राइल}}{RCN} + KX$$

(e) *पोटेशियम नाइट्राइट या सिल्वर नाइट्राइट के साथ अभिक्रिया* :

$$RX + K-O-N=O \xrightarrow{\Delta} \underset{\text{एल्किलनाइट्राइट}}{R-O-N=O} + KX$$

$$RX + AgNO_2 \xrightarrow{\Delta} \underset{\text{नाइट्रो एल्केन}}{R-N\begin{smallmatrix}\nearrow O\\ \searrow O\end{smallmatrix}} + AgX$$

(f) *अमोनिया के साथ अभिक्रिया* :

$$C_2H_5Br + H-NH_2 \longrightarrow \underset{\text{एथिल एमीन (प्रा.)}}{C_2H_5NH_2} + HBr$$

$$C_2H_5NH_2 + BrC_2H_5 \longrightarrow \underset{\text{डाई एथिल एमीन (द्वितीयक)}}{C_2H_5NHC_2H_5} + HBr$$

$$(C_2H_5)_2NH + BrC_2H_5 \longrightarrow \underset{\text{ट्राईएथिल एमीन (तृतीयक)}}{(C_2H_5)_3N} + HBr$$

$$(C_2H_5)_3N + BrC_2H_5 \longrightarrow \underset{\text{टेट्राएथिल अमोनियम ब्रोमाइड (चतुष्क)}}{(C_2H_5)_4\overset{+\ -}{NBr}}$$

(g) *वसीय अम्लों के सिल्वर लवणों के साथ अभिक्रिया* :

$$R'COOAg + XR \longrightarrow \underset{\text{एस्टर}}{R'COOR} + AgX$$

(h) *सोडियम एसीटिलाइड के साथ अभिक्रिया* :

$$RX + \underset{\text{सोडियम एसीटिलाइड}}{NaC\equiv CH} \longrightarrow \underset{\text{एल्काइन}}{R-C\equiv CH} + NaX$$

(i) *सोडियम या पोटेशियम सल्फाइड के साथ अभिक्रिया* :

$$2RX + Na_2S \longrightarrow \underset{\text{थायोईथर}}{R-S-R} + 2NaX$$

थायोईथर निम्न द्वारा भी प्राप्त किये जा सकते हैं,

$$RX - NaSR' \longrightarrow R-S-R' + NaX$$

$$C_2H_5Br + NaSCH_3 \longrightarrow \underset{\text{एथिल मेथिल थायोईथर}}{C_2H_5-S-CH_3} + NaBr$$

(j) *हैलाइडों के साथ अभिक्रिया* :

$$\underset{\text{एल्किल क्लोराइड}}{RCl} + NaBr \longrightarrow \underset{\text{एल्किल ब्रोमाइड}}{RBr} \xrightarrow{NaI} \underset{\text{एल्किल आयोडाइड}}{RI}$$

(ii) ***विलोपन अभिक्रियाएँ*** : प्रेरणिक प्रभाव के द्वारा कार्बन का धनात्मक आवेश पास वाले कार्बन परमाणुओं पर संचालित हो जाता है जब प्रबल क्षार को निकट लाया जाता है तो यह सामान्यतः $\beta$-कार्बन परमाणु से प्रोटोन खो देता है। इस प्रकार की अभिक्रियायों को विलोपन अभिक्रियाएँ कहते हैं। ये $E_1$ और $E_2$ अभिक्रियायें भी कहलाती हैं,

$E_1$ अभिक्रिया :




$E_2$ अभिक्रिया :




उपरोक्त अभिक्रिया जिसमें $X^-$ का त्याग शामिल है, एल्किल हैलाइडों की क्रियाशीलता (समान एल्किल समूह, विभिन्न हैलोजन) $C-X$ बंध लम्बाई के आधार पर व्यक्त की जाती है।

| बंध के प्रकार | $C-I$ | $C-Br$ | $C-Cl$ |
|---|---|---|---|
| बंध की प्रबलता (*kcal/mol*) | 45.5 | 54 | 66.5 |

बंध शक्ति का बढ़ता क्रम →

बंध का टूटना, बहुत ज्यादा कठिन होता है इसलिए क्रियाशीलता घटती है।

क्रियाशीलता का क्रम (तृतीयक > द्वितीयक > प्राथमिक) एल्किल समूह के $+I$ प्रभाव के कारण होता है, जो कि $C-X$ बंध की ध्रुवणता को बढ़ाते हैं।



प्राथमिक एल्किल हैलाइडों में या तो $S_{N^2}$ या फिर $E_2$ क्रियाविधि के द्वारा अभिक्रिया होती हैं जिसमें संक्रमण अवस्था का निर्माण होता है। संक्रमण अवस्था के निर्माण में बड़ा समूह त्रिविम बाधा उत्पन्न करता है इसलिये उच्च सजात निम्न सजात से कम सक्रिय (क्रियाशील) होते हैं $CH_3X > C_2H_5X > C_3H_7X$, इत्यादि

***विलोपन अभिक्रिया के उदाहरण***

(a) *विहाइड्रोहैलोजनीकरण* :

$$C_nH_{2n+1}X + \underset{\text{(एल्कोहलिक)}}{KOH} \longrightarrow \underset{\text{एल्कीन}}{C_nH_{2n}} + KX + H_2O$$

इस अभिक्रिया में ईथर उपोत्पाद है क्योंकि पोटेशियम एथॉक्साइड सदैव कम मात्रा में उपस्थित रहता है।

$$C_2H_5Br + KOC_2H_5 \longrightarrow C_2H_5-O-C_2H_5 + KBr$$

(b) *ताप का प्रभाव* :

$$RCH_2CH_2X \xrightarrow{300°C} \underset{\text{एल्कीन}}{RCH=CH_2} + HX$$

$$C_2H_5Br \xrightarrow{300°C} \underset{\text{एथीन}}{CH_2=CH_2} + HBr$$

विघटन निम्न क्रम का पालन करता है।

आयोडाइड > ब्रोमाइड > क्लोराइड (जब समान एल्किल समूह उपस्थित हो) और

तृतीयक > द्वितीयक > प्राथमिक (जब समान हैलोजन उपस्थित होते हैं)

(iii) ***विविध अभिक्रियाएँ***

(a) *अपचयन* : जब एल्किल हैलाइडों को नवजात हाइड्रोजन, जो कि $Zn/HCl$ या सोडियम और एल्कोहल या $Zn/Cu$ युग्म या $LiAlH_4$ के द्वारा प्राप्त होती है, के साथ अपचयित करते हैं तो एल्केन का निर्माण होता है।

$$RX + 2H \longrightarrow R-H + HX$$

इस अभिक्रिया का उपयोग शुद्ध एल्केन के निर्माण में होता है।

(b) *वुर्ट्ज अभिक्रिया* : एल्किल हैलाइडों (ब्रोमाइड या आयोडाइड) के ईथरीय विलयन को धात्विक सोडियम के साथ गर्म करते हैं तो एल्केन का निर्माण होता है। तृतीयक हैलाइड इस अभिक्रिया को प्रदर्शित नहीं करते हैं।

$$2RX + 2Na \longrightarrow R-R + 2NaX$$

(c) *मैग्नीशियम के साथ अभिक्रिया* : जब एल्किल हैलाइड को शुष्क ईथर में घुले $Mg$ चूर्ण के साथ अभिकृत करते हैं तो ग्रिगनार्ड अभिकर्मक बनता है

$$RX + \underset{\text{(चूर्ण)}}{Mg} \xrightarrow{\text{शुष्क ईथर}} \underset{\text{ग्रिगनार्ड अभिकर्मक}}{R-Mg-X}$$

ग्रिगनार्ड अभिकर्मक का उपयोग कई कार्बनिक यौगिकों को बनानें में करते हैं।

(d) *अन्य धातुओं के साथ अभिक्रिया* : कार्बधात्विक यौगिकों का निर्माण होता है।

❑ जब एल्किल हैलाइडों को जिंक चूर्ण के साथ ईथर में गर्म किया जाता है तो डाई एल्किल जिंक यौगिकों का निर्माण होता है। जो फ्रैंकलेंड अभिकर्मक कहलाते हैं।

$$2C_2H_5Br + 2Zn \xrightarrow[\text{गर्म}]{\text{ईथर}} (C_2H_5)_2Zn + ZnBr_2$$

❑ जब एथिल ब्रोमाइड को लैड-सोडियम मिश्रधातु के साथ गर्म करते हैं तो यह टेट्राएथिल लेड देता है, जो कि पेट्रोल में अपस्फोटनरोधी यौगिक के रूप में उपयोग होता है।

$$4C_2H_5Br + 4Pb(Na) \longrightarrow (C_2H_5)_4Pb + 4NaBr + 3Pb$$

❑ लीथियम के साथ अभिक्रिया : एल्किल हैलाइड शुष्क ईथर में लीथियम से क्रिया कर एल्किल लीथियम बनाती है।

$$RX + 2Li \xrightarrow{\text{ईथर}} R-Li + LiX\ ;$$

$$\underset{\text{एथिल ब्रोमाइड}}{C_2H_5Br} + 2Li \longrightarrow C_2H_5-Li + LiBr$$

एल्किल लीथियम ग्रिगनार्ड अभिकर्मक के साथ समान गुण दर्शाते हैं। यह क्रियाशील अभिकर्मक भी होते हैं।

(e) *फ्रीडल क्राफ्ट अभिक्रिया* :

$$\underset{\text{बेन्जीन}}{C_6H_6} + RCl \xrightarrow{AlCl_3} \underset{\text{एल्किल बेन्जीन}}{C_6H_5R} + HCl$$

$$C_6H_6 + C_2H_5Br \xrightarrow{AlBr_3} C_6H_5C_2H_5 + HBr$$

(f) *प्रतिस्थापन* (हैलोजनीकरण) : एल्किल हैलाइड, सूर्य प्रकाश, ताप ऊर्जा या परॉक्साइड की उपस्थिति में और अधिक हैलोजनीकरण करते हैं।

$$C_2H_5Br \xrightarrow[hv]{Br_2} C_2H_4Br_2 \xrightarrow[hv]{Br_2} C_2H_3Br_3.....$$

## डाई हैलाइडों का निर्माण तथा गुण
**(Preparation and properties of dihalides)**

(1) **डाई हैलाइडों को बनाने की विधियाँ**

(i) ***जैम डाई हैलाइडों को बनाने की विधियाँ***

(a) *एल्काईन के द्वारा (हाइड्रोहैलोजनीकरण)* :

$$R-C\equiv C-H + HX \longrightarrow R-\underset{X}{\underset{|}{C}}=\underset{H}{\underset{|}{C}}-H \xrightarrow{+HX} R-\overset{X}{\overset{|}{\underset{X}{\underset{|}{C}}}}-CH_3$$

(b) *कार्बोनिल यौगिकों के द्वारा* :

$$RCHO + PCl_5 \longrightarrow \underset{\text{[टर्मिनल डाईहैलाइड]}}{RCHCl_2} + POCl_3$$

❑ *यदि कीटोन लिया जाता है तो आंतरिक डाई हैलाइडों का निर्माण होता है ।*

(ii) ***विसिनल डाई हैलाइडों को बनाने की विधियाँ***

(a) *एल्कीन से (हैलोजनीकरण द्वारा)* :

$$R-CH=CH_2 + Cl_2 \longrightarrow R-\underset{Cl}{\underset{|}{C}}H-\underset{Cl}{\underset{|}{C}}H_2$$

(b) *विसिनल ग्लायकॉल से :*

$$\begin{array}{l} R-CH-OH \\ \quad | \\ \quad CH_2-OH \end{array} + 2PCl_5 \longrightarrow \begin{array}{l} R-CH-Cl \\ \quad | \\ \quad CH_2-Cl \end{array} + 2HCl + 2POCl_3$$

(2) **डाई हैलाइडों के गुण**

(i) ***भौतिक गुण***

(a) डाईहैलाइड रंगहीन और रूचिकर गंध वाले द्रव होते हैं। जल में अघुलनशील और कार्बनिक विलायकों में घुलनशील होते हैं।

(b) क्वथनांक और गलनांक $\propto$ आणविक भार

(c) विसिनल डाई हैलाइडों की क्रियाशीलता > जैम डाई हैलाइडों की क्रियाशीलता

(ii) ***डाईहैलाइडों के रासायनिक गुण***

(a) *जलीय KOH के साथ अभिक्रिया* :

$$RCHX_2 + 2KOH(aq.) \xrightarrow[-KX]{} RCH(OH)_2 \xrightarrow{-H_2O} RCHO$$

(b) *एल्कोहलिक KOH के साथ अभिक्रिया* :

$$RCH_2-CHX_2 \xrightarrow[-(KX+H_2O)]{\text{Alc.}KOH} R-\overset{H}{\overset{|}{C}}=\overset{X}{\overset{|}{C}}-H \xrightarrow[-(NaX+NH_3)]{NaNH_2} R-C\equiv CH$$

$$R-\underset{X}{\underset{|}{C}}H-\underset{X}{\underset{|}{C}}H_2 \xrightarrow{Alc.KOH} R-C\equiv C-H + 2KX + 2H_2O$$

(c) *Zn चूर्ण के साथ अभिक्रिया*

❑ जैम डाई हैलाइड उच्च सममित एल्कीन का निर्माण करते हैं।

❑ विसिनल डाई हैलाइड सम्बन्धित एल्कीन का निर्माण करते हैं।

(d) *KCN के साथ अभिक्रिया* :

$$R-CHX_2 + 2KCN \xrightarrow[-2KX]{} RCH(CN)_2 \xrightarrow[\text{जल अपघटन}]{H_3O^{\oplus}} RCH(COOH)_2$$

(e) *अन्य प्रतिस्थापी अभिक्रियाएँ*

❑ $$\begin{array}{l} CH_2-X \\ | \\ CH_2-X \end{array} \xrightarrow{NH_3\,/\,373\,K} \underset{\text{एथिलीन डाईएमीन}}{\begin{array}{l} CH_2-NH_2 \\ | \\ CH_2-NH_2 \end{array}}$$

❑ $$\begin{array}{l} CH_2-X \\ | \\ CH_2-X \end{array} \xrightarrow{2CH_3COONa} \begin{array}{l} CH_2-OCOCH_3 \\ | \\ CH_2-OCOCH_3 \end{array} + 2NaX.$$

## ट्राई हैलाइड (क्लोरोफॉर्म और आयोडोफॉर्म)
**Tri halide (chloroform and Iodoform)**

### क्लोरोफॉर्म या ट्राई क्लोरोमेथेन $CHCl_3$

यह मेथेन का महत्वपूर्ण ट्राई हैलोजन व्युत्पन्न है। इसे 1831 में लिविग द्वारा खोजा गया और इसका क्लोरोफॉर्म नाम ड्यूमा के द्वारा प्रस्तावित किया गया। ये जल अपघटन पर फॉर्मिक अम्ल देता है। प्राचीन काल में इसे अधिकतर सर्जरी (शल्य क्रिया) के लिये निश्चेतक के रूप में उपयोग किया जाता था लेकिन अब इसका उपयोग कम होता है क्योंकि यह यकृत पर बुरा प्रभाव डालता है।

(1) **बनाने की विधि**

(i) प्रयोगशाला में क्लोरोफॉर्म को, विरंजक चूर्ण और जल के साथ एथिल एल्कोहल या एसीटोन के आसवन द्वारा बनाया जाता है। इससे लगभग 40% मात्रा प्राप्त होती है। विरंजक चूर्ण से प्राप्त क्लोरीन ऑक्सीकारक और क्लोरीनीकारक दोनों के रूप में उपयोगी होती है।

$$\underset{\text{विरंजक चूर्ण}}{CaOCl_2} + H_2O \longrightarrow Ca(OH)_2 + Cl_2$$

(a) *एल्कोहल से*

$[Cl_2 + H_2O \longrightarrow 2HCl + O]$

$$\underset{\text{एथिल एल्कोहल}}{CH_3CH_2OH} + O \longrightarrow \underset{\text{एसीटल्डिहाइड}}{CH_3CHO} + H_2O$$

$$\underset{\text{एसीटल्डिहाइड}}{CH_3CHO} + 3Cl_2 \longrightarrow \underset{\text{क्लोरल}}{CCl_3CHO} + 3HCl$$

[इसलिए $Cl_2$, ऑक्सीकारक और क्लोरीनीकारक दोनों की तरह प्रयुक्त होती है।]

क्लोरल को कैल्शियम हाइड्रॉक्साइड के द्वारा जल अपघटित किया जाता है।

$$\begin{matrix} CCl_3 \vdots\, CHO & & OHC \,\vdots\, CCl_3 \\ & + & \\ H \vdots & -O-Ca-O- & \vdots\, H \end{matrix}$$

$$\xrightarrow{\text{जल अपघटन}} \underset{\text{क्लोरोफॉर्म}}{2CHCl_3} + \underset{\text{कैल्शियम फॉर्मेट}}{(HCOO)_2Ca}$$

(b) *एसीटोन के द्वारा* :

$$CH_3-CO-CH_3 + 3Cl_2 \longrightarrow \underset{\text{ट्राईक्लोरो एसीटोन}}{CCl_3COCH_3} + 3HCl$$

$$\begin{matrix} CCl_3 \vdots\, COCH_3 & & H_3C.CO \,\vdots\, CCl_3 \\ & + & \\ H \vdots & -O-Ca-O- & \vdots\, H \end{matrix}$$

$$\xrightarrow{\text{जल अपघटन}} \underset{\text{क्लोरोफॉर्म}}{2CHCl_3} + \underset{\text{कैल्शियम एसीटेट}}{(CH_3COO)_2Ca}$$

(ii) ***कार्बन टेट्रा क्लोराइड से*** : आजकल, क्लोरोफॉर्म को बड़ी मात्रा में कार्बन टेट्रा क्लोराइड के आयरन फिलिंग और जल के साथ अपचयन द्वारा प्राप्त करते हैं। यह विधि U.S.A. में उपयोग की जाती है।

$$CCl_4 + 2H \xrightarrow{Fe/H_2O} CHCl_3 + HCl$$

यह क्लोरोफॉर्म अशुद्ध होता है और अधिकतर विलायक के रूप में प्रयुक्त होता है।

(iii) क्लोरल हाइड्रेट का सांद्र सोडियम हाइड्रॉक्साइड विलयन के साथ, आसवन द्वारा शुद्ध क्लोरोफॉर्म प्राप्त होता है।

$$\underset{\text{क्लोरल हाइड्रेट}}{CCl_3CH(OH)_2} + NaOH \longrightarrow CHCl_3 + HCOONa + H_2O$$

❒ क्लोरल हाइड्रेट एक स्थायी यौगिक है इस तथ्य के अलावा कि दो $-OH$ समूह समान कार्बन परमाणु से जुड़े रहते हैं। इसका कारण यह है कि अणु में अन्तःअणुक हाइड्रोजन बन्ध क्लोरीन और $-OH$ समूह के हाइड्रोजन परमाणुओं के मध्य उत्पन्न होते हैं।



(2) **भौतिक गुण**

(i) यह एक मधुर गंध वाला रंगहीन द्रव है।

(ii) यह एक भारी द्रव है। इसका घनत्व 1.485 है तथा क्वथनांक 61°C है।

(iii) यह जल में अघुलनशील है लेकिन एल्कोहल, ईथर इत्यादि कार्बनिक विलायक में घुलनशील है।

(iv) यह अज्वलनशील है लेकिन इसकी वाष्प हरी ज्वाला के साथ जलती है।

(v) अगर इसकी वाष्प को कुछ समय के लिये सूंघते हैं तो अस्थायी निश्चेतना आती है,

(3) **रासायनिक गुण**

(i) ***ऑक्सीकरण*** :

$$\underset{\text{क्लोरोफॉर्म}}{Cl_2C\!<\!{}^{Cl}_{H}} + [O] \xrightarrow{\text{प्रकाश और वायु}} \underset{\text{अस्थायी}}{Cl_2C\!<\!{}^{Cl}_{OH}}$$

$$\longrightarrow HCl + \underset{\text{फॉस्जीन}}{Cl_2C=O}$$

फॉस्जीन बहुत जहरीली गैस है। क्लोरोफॉर्म को निश्चेतक के रूप में उपयोग करने के लिये यह बहुत जरूरी है कि इस अभिक्रिया को रोका जाये। जब क्लोरोफॉर्म को संग्रहित करते हैं तो निम्नलिखित सावधानी रखी जाती है,

(a) इसे गहरे नीले या भूरे रंग की बोतलों में संग्रहित करते हैं जो कि ऊपर तक भरी रहती है।

(b) 1% एथिल एल्कोहल मिलाया जाता है। यह ऑक्सीकरण को रोकता है और फॉस्जीन को हानिरहित डाइएथिल कार्बोनेट में परिवर्तित करता है।

$$COCl_2 + 2C_2H_5OH \longrightarrow \underset{\text{एथिल कार्बोनेट}}{(C_2H_5O)_2CO} + 2HCl$$

(ii) ***अपचयन*** :

$$CHCl_3 + 2H \xrightarrow[\text{(एल्को)}]{Zn/HCl} CH_2Cl_2 + HCl$$

$$CHCl_3 + 6H \xrightarrow{Zn/H_2O} CH_4 + 3HCl$$

(iii) ***क्लोरीनीकरण*** :

$$CHCl_3 + Cl_2 \xrightarrow{\text{पराबैंगनी प्रकाश}} \underset{\text{कार्बन टेट्राक्लोराइड}}{CCl_4} + HCl$$

(iv) ***जल अपघटन*** :

$$H-C\begin{cases} Cl + Na\,OH(\text{जलीय}) \\ Cl + Na\,OH(\text{जलीय}) \\ Cl + Na\,OH(\text{जलीय}) \end{cases} \xrightarrow{-NaCl} \underset{\substack{\text{अस्थायी} \\ \text{(ऑर्थोफॉर्मिक अम्ल)}}}{\left[HC\!\begin{matrix} -OH \\ -OH \\ -OH \end{matrix}\right]}$$

$$\xrightarrow{-H_2O} \underset{\text{फॉर्मिक अम्ल}}{H-C\!\begin{matrix} {}^{\nearrow}O \\ {}_{\searrow}OH \end{matrix}} \xrightarrow[-H_2O]{NaOH} \underset{\text{सोडियम फॉर्मेट}}{H-C\!\begin{matrix} {}^{\nearrow}O \\ {}_{\searrow}ONa \end{matrix}}$$

(v) ***नाइट्रीकरण*** : जब क्लोरोफॉर्म को सांद्र नाइट्रिक अम्ल के साथ अभिकृत किया जाता है तो क्लोरोफॉर्म का हाइड्रोजन, नाइट्रो समूह के द्वारा विस्थापित हो जाता है। बने उत्पाद को क्लोरोपिक्रिन या ट्राई क्लोरोनाइट्रोमेथेन या नाइट्रो क्लोरोफॉर्म कहते हैं। यह जहरीला द्रव है और कीटनाशक तथा युद्ध गैस के रूप में उपयोग किया जाता है।

$$CHCl_3 + \underset{\text{नाइट्रिक अम्ल}}{HONO_2} \longrightarrow \underset{\text{क्लोरोपिक्रिन (आँसू गैस)}}{CNO_2Cl_3} + H_2O$$

(vi) ***सिल्वर चूर्ण के साथ गर्म करने पर*** :

$$H-C-\boxed{Cl_3 + 6Ag + Cl_3} - C-H \longrightarrow \underset{\text{एसीटिलीन}}{CH \equiv CH} + 6AgCl$$

(vii) ***एसीटोन के साथ संघनन*** : कास्टिक क्षार की उपस्थिति में एसीटोन के साथ गर्म करने पर क्लोरोफॉर्म संघनित होता है। उत्पाद एक रंगहीन क्रिस्टलीय ठोस होता है जिसे क्लोरीटोन के नाम से जानते हैं और यह दवाईयों में सम्मोहक के रूप में उपयोग होता है।

$$Cl_3CH + O = C\!<\!{}^{CH_3}_{CH_3} \xrightarrow{(NaOH)} \underset{\substack{\text{क्लोरीटोन} \\ \text{(1,1,1-ट्राईक्लोरो-2-मैथिल-2-प्रोपेनॉल)}}}{{}^{HO}_{Cl_3C}\!>\!C\!<\!{}^{CH_3}_{CH_3}}$$

(viii) ***सोडियम एथॉक्साइड के साथ अभिक्रिया*** :

$$H-C\begin{cases}Cl+Na\ OC_2H_5\\Cl+Na\ OC_2H_5\\Cl+Na\ OC_2H_5\end{cases}\xrightarrow{-3NaCl}H-C\begin{cases}OC_2H_5\\OC_2H_5\\OC_2H_5\end{cases}$$

एथिल ऑर्थो फॉर्मेट

(ix) **रीमर-टीमेन अभिक्रिया** :

$$C_6H_5OH+CHCl_3+3NaOH\xrightarrow{65°C}$$

$$C_6H_4\begin{cases}OH\\CHO\end{cases}+3NaCl+2H_2O$$

o-हाइड्रॉक्सी बेंजल्डिहाइड (सैलिसिल्डिहाइड)

(x) ***कार्बिलएमीन अभिक्रिया*** (आइसोसायनाइड परीक्षण) : वास्तव में यह अभिक्रिया प्राथमिक एमीन का परीक्षण है। क्लोरोफॉर्म को जब एल्कोहलिक पोटेशियम हाइड्रॉक्साइड की उपस्थिति में प्राथमिक एमीन के साथ गर्म किया जाता है तो एक व्युत्पन्न का निर्माण होता है जो आइसोसायनाइड कहलाता है। आइसोसायनाइड दुर्गन्ध युक्त होता है।

$$RNH_2+CHCl_3+3KOH(alc.)\xrightarrow{\Delta}\underset{\text{कार्बिल एमीनो एल्केन (एल्किल आइसोनाइट्राइल)}}{RNC}+3KCl+3H_2O$$

यह अभिक्रिया क्लोरोफॉर्म के परीक्षण में भी प्रयुक्त होती है।

(4) **उपयोग**

(i) यह वसा, मोम, रबर और आयोडीन इत्यादि के लिये विलायक के रूप में प्रयुक्त होता है।

(ii) यह क्लोरीटोन (दवाई) और क्लोरोपिक्रिन (कीटनाशक) के निर्माण में प्रयुक्त होता है।

(iii) यह प्रयोगशाला में प्राथमिक एमीन, आयोडाइड और ब्रोमाइड के परीक्षण में प्रयुक्त होता है।

(iv) यह निश्चेतक के रूप में उपयोग होता है लेकिन हानिकारक प्रभाव के कारण आजकल उपयोग नहीं होता है।

(v) यह कार्बनिक पदार्थों की दुर्गंध रोकने में भी प्रयुक्त होता है। यह एनाटोमिकल प्रजाति के संरक्षण में भी प्रयुक्त होता है।

(5) **क्लोरोफॉर्म का परीक्षण**

(i) यह आइसोसायनाइड परीक्षण (कार्बिल एमीन परीक्षण) देता है।

(ii) यह टॉलेन्स अभिकर्मक के साथ सिल्वर दर्पण देता है।

(iii) शुद्ध क्लोरोफॉर्म सिल्वर नाइट्रेट के साथ सफेद अवक्षेप नहीं देता है।

## आयोडोफॉर्म या ट्राई आयोडो मेथेन, $CHI_3$

आयोडोफॉर्म गुणों में और बनाने की विधियों में क्लोरोफॉर्म का अनुसरण करता है।

(1) **बनाने की विधियाँ**

(i) ***प्रयोगशाला विधि***:

*एथेनॉल से*: $CH_3CH_2OH+I_2\longrightarrow\underset{\text{एसीटेल्डिहाइड}}{CH_3CHO}+2HI$

$$CH_3CHO+3I_2\longrightarrow\underset{\text{आयोडल}}{CI_3CHO}+3HI$$

$$\underset{\text{ट्राई आयोडो एसीटेल्डिहाइड}}{CI_3CHO}+KOH\longrightarrow\underset{\text{आयोडोफॉर्म}}{CHI_3}+\underset{\text{पोटेशियम फॉर्मेट}}{HCOOK}$$

*एसीटोन से* : $CH_3COCH_3+3I_2\longrightarrow\underset{\text{ट्राई आयोडोएसीटोन}}{CI_3COCH_3}+3HI$

$$CI_3COCH_3+KOH\longrightarrow\underset{\text{आयोडोफॉर्म}}{CHI_3}+\underset{\text{पोटेशियम एसीटेट}}{CH_3COOK}$$

*KOH* और *NaOH* की जगह पर सोडियम कार्बोनेट का उपयोग कर सकते हैं। इन अभिक्रियाओं को आयोडोफॉर्म अभिक्रिया कहते हैं।

(ii) ***औद्योगिक विधि*** : बड़े पैमाने पर आयोडोफॉर्म का निर्माण एथेनॉल, सोडियम कार्बोनेट और पोटेशियम आयोडाइड युक्त विलयन के विद्युत अपघटन द्वारा किया जाता है। मुक्त आयोडीन क्षार की उपस्थिति में एथेनॉल से जुड़कर आयोडोफॉर्म बनाता है। विद्युत अपघटन $CO_2$ की उपस्थिति में तथा 60-70°*C* ताप पर किया जाता है।

$$KI\rightleftharpoons K^++I^-$$

कैथोड ↙ ↘ एनोड

$$K^++e^-\to K\qquad 2I^-\to I_2+2e^-$$

$$K+H_2O\longrightarrow KOH+\frac{1}{2}H_2$$

$CO_2$ द्वारा *KOH* का उदासीनीकरण होता है :

$$C_2H_5OH+4I_2+3Na_2CO_3\longrightarrow CHI_3+HCOONa+5NaI+3CO_2+2H_2O$$

(2) **भौतिक गुण**

(i) यह एक पीला क्रिस्टलीय ठोस है।

(ii) इसकी तीव्र लाक्षणिक गंध होती है।

(iii) यह जल में अघुलनशील है लेकिन कार्बनिक विलायकों जैसे एल्कोहल, ईथर इत्यादि में घुलनशील है।

(iv) इसका गलनांक 119°*C* है यह भाप वाष्पशील है।

(3) **आयोडोफॉर्म की रासायनिक अभिक्रियायें**




(4) **उपयोग :** आयोडोफॉर्म का उपयोग घावों की पट्टी के लिये पूर्तिरोधी के रूप में किया जाता है। लेकिन पूर्तिरोधी प्रभाव मुक्त आयोडीन के विमोचन के कारण होता है नाकि स्वयं आयोडोफॉर्म के कारण। जब यह कार्बनिक पदार्थों के सम्पर्क में आता है तो आयोडीन मुक्त करता है जो कि पूर्तिरोधी गुणों के लिये उत्तरदायी है।

(5) **आयोडोफॉर्म का परीक्षण**

(i) ***$AgNO_3$ के साथ*** : $CHI_3$, $AgI$ का पीला अवक्षेप देता है।

(ii) ***कार्बिल एमीन अभिक्रिया*** : $CHI_3$, प्राथमिक एमीन और एल्कोहलिक *KOH* विलयन के साथ गर्म करने पर आइसोसायनाइड (कार्बिल एमीन) की दुर्गंध देता है।

(iii) ***आयोडोफॉर्म अभिक्रिया*** : $I_2$ और *NaOH* या $I_2$ और $Na_2CO_3$ के साथ आयोडोफॉर्म परीक्षण अधिकतर एथिल एल्कोहल

$(CH_3CH_2OH)$, एसीटेल्डिहाइड $(CH_3-\overset{O}{\overset{\|}{C}}-H)$, $\alpha$-मेथिल कीटोन या 2-ऑन $(-\overset{O}{\overset{\|}{C}}-CH_3)$, द्वितीयक एल्कोहल या 2-ऑल $(-CHOH\cdot CH_3)$ और $C_2$ पर द्वितीयक एल्किल हैलाइडों $(-CHClCH_3)$ द्वारा दिया जाता है। लैक्टिक अम्ल $(CH_3-CHOH-COOH)$, पायरुविक अम्ल $(CH_3-\overset{O}{\overset{\|}{C}}-COOH)$ और मेथिल फेनिल कीटोन $(C_6H_5-\overset{O}{\overset{\|}{C}}-CH_3)$ भी यह परीक्षण देते हैं।

## टेट्रा हैलाइड (कार्बन टेट्रा क्लोराइड, $CCl_4$) (Tetra halide)

यह मेथेन का बहुत महत्वपूर्ण टेट्राहैलोजन व्युत्पन्न है।

(1) **निर्माण विधि**

(i) ***मेथेन के द्वारा***: $CH_4+4Cl_2\xrightarrow{400°C}CCl_4+4HCl$

(ii) ***कार्बन डाई सल्फाइड से*** :

$$CS_2+3Cl_2\xrightarrow{Fe/I_2/AlCl_3}CCl_4+\underset{\text{सल्फरमोनो क्लोराइड}}{S_2Cl_2}$$

$S_2Cl_2$, $CS_2$ के साथ पुनः अभिक्रिया करके और अधिक कार्बन टेट्राक्लोराइड बनाता है।

$$CS_2+2S_2Cl_2\longrightarrow CCl_4+6S$$

प्रभाजी आसवन के द्वारा कार्बन टेट्रा क्लोराइड प्राप्त होता है। इसे सोडियम हाइड्रॉक्साइड के साथ धोया जाता है और फिर शुद्ध नमूना प्राप्त करने के लिये आसवित किया जाता है।

(iii) ***प्रोपेन से***:

$$C_3H_8+9Cl_2\xrightarrow[70\text{-}100]{400°C}\underset{\substack{\text{कार्बन टेट्राक्लोराइड}\\(\text{द्रव})}}{CCl_4}+\underset{\substack{\text{हैक्साक्लोरोएथेन}\\(\text{ठोस})}}{C_2Cl_6}+8HCl$$

(2) **भौतिक गुण**

(i) यह रंगहीन द्रव है जिसकी लाक्षणिक गंध होती है।

(ii) यह अज्वलनशील और जहरीला है। इसका क्वथनांक $77°C$ है।

(iii) यह जल में अघुलनशील है लेकिन कार्बनिक विलायकों में घुलनशील है।

(iv) यह तेल, वसा, मोम और ग्रीस के लिये बहुत अच्छा विलायक है।

(3) **रासायनिक गुण :** कई कार्बनिक अभिकर्मकों के प्रति कार्बन टेट्राक्लोराइड कम क्रियाशील और अक्रिय होता है। इसलिये निम्नलिखित अभिक्रियायें प्रेक्षित की जाती हैं

(i) ***वाष्प के साथ अभिक्रिया (ऑक्सीकरण)*** :

$$CCl_4+H_2O\xrightarrow{500°C}\underset{\text{फॉस्जीन (कार्बोनिल क्लोराइड)}}{COCl_2}+2HCl$$

(ii) ***अपचयन***:

$$CCl_4+2H\xrightarrow{Fe/H_2O}CHCl_3+HCl$$

(iii) ***जल अपघटन***:

$$CCl_4+4KOH\xrightarrow{-4KCl}\underset{\text{अस्थायी}}{[C(OH)_4]}$$

$$\xrightarrow{-2H_2O}CO_2\xrightarrow{2KOH}K_2CO_3+H_2O$$

(iv) ***फिनॉल के साथ अभिक्रिया*** (रीमर-टीमेन अभिक्रिया) :

$$C_6H_5OH+CCl_4\xrightarrow{+4NaOH}\underset{\text{सैलिसिलिक अम्ल}}{C_6H_4\begin{cases}OH\\COOH\end{cases}}+4NaCl+2H_2O$$

(4) **उपयोग**

(i) पायरीन नाम के अंतर्गत यह अग्निशामक के रूप में उपयोग होता है। इसकी सघन वाष्प ज्वलित वस्तु पर प्रतिरक्षी परत बनाती है और ऑक्सीजन को या हवा को ज्वलित वस्तु के सम्पर्क में आने से रोकती है।

(ii) यह वसा, तेल, मोम और ग्रीस, रेजिन, आयोडीन इत्यादि के लिये विलायक के रूप में प्रयुक्त होता है।

(iii) हुक वार्मों को निकालने के लिए (हेल्मेन्थीसाइड) दवाई के रूप में प्रयुक्त होता है।

## असंतृप्त हैलाइड (हैलो–एल्कीन) (Unsaturated halide)

### विनाइल क्लोराइड या क्लोरोएथीन, $CH_2=CHCl$

(1) **संश्लेषण :** विनाइल क्लोराइड को निम्न विधियों से संश्लेषित कर सकते हैं :

(i) ***एथिलीन क्लोराइड के द्वारा***:

$$\underset{\text{एथिलीन क्लोराइड}}{\begin{matrix}CH_2Cl\\|\\CH_2Cl\end{matrix}}+Alc.\ KOH\longrightarrow\underset{\text{विनाइल क्लोराइड}}{\begin{matrix}CHCl\\\|\\CH_2\end{matrix}}+KCl+H_2O$$

$$\begin{matrix}CH_2Cl\\|\\CH_2Cl\end{matrix}\xrightarrow[600\text{-}650°C]{\Delta}\begin{matrix}CHCl\\\|\\CH_2\end{matrix}+HCl$$

(ii) ***एथिलीन से*** :

$$CH_2=CH_2+Cl_2\xrightarrow{500°C}\underset{\text{विनाइल क्लोराइड}}{CH_2=CHCl}$$

(iii) ***एसीटिलीन से*** :

$$CH\equiv CH+HCl\xrightarrow[70°C]{HgCl_2}\underset{\text{विनाइल क्लोराइड}}{CH_2=CHCl}$$

(2) **गुण :** यह कमरे के ताप पर रंगहीन गैस है। इसका क्वथनांक $-13°C$ है। विनाइल क्लोराइड का हैलोजन परमाणु दूसरे एल्किल हैलाइडों से कम क्रियाशील होता है। हालांकि विनाइल क्लोराइड के $C=C$ बंध योगात्मक अभिक्रियाएँ देते हैं।

क्लोराइड परमाणु की अक्रियाशीलता अनुनादी स्थायित्व के कारण होती है क्लोरीन का इलेक्ट्रॉन युग्म द्विबंध के साथ अनुनाद में भाग लेता है। निम्न दो संरचनाएँ प्राप्त होती हैं,

$$\underset{(i)}{CH_2=CH-\ddot{C}l:}\longleftrightarrow\underset{(ii)}{\overset{-}{C}H_2-CH=\overset{+}{C}l:}$$

अनुनादी स्थायित्व के कारण निम्न दो प्रभाव प्रेक्षित किये जाते हैं।

(i) विनाइल क्लोराइड में कार्बन-क्लोरीन बंध कुछ द्विबंध लक्षण रखता है और ये शुद्ध एकल बंध से प्रबल होता है।

(ii) कार्बन परमाणु $sp^2$ संकरित होते हैं और $C-Cl$ बंध लम्बाई (1.69Å) एल्किल हैलाइडों से कम और प्रबल होती है जबकि एल्किल हैलाइडों (1.80Å) के कार्बन परमाणु की बंध लम्बाई $sp^3$ संकरण के कारण अधिक होती है।

***योगात्मक अभिक्रियाएँ***




(3) **उपयोग :** विनाइल क्लोराइड का मुख्य उपयोग पॉलीविनाइल क्लोराइड प्लास्टिक के निर्माण में होता है। (PVC), को संश्लेषित चमड़े का सामान, बरसाती पाइप, फ्लोर ट्राईल्स, ग्रामोफोन रिकॅार्ड इत्यादि को बनाने में प्रयुक्त करते हैं।

## एलिल आयोडाइड या 3-आयोडोप्रोपीन-1, $ICH_2CH=CH_2$ (Allyl iodide or 3-iodopropene-1)

(1) **संश्लेषण** : यह निम्न प्रकारों से प्राप्त होता है,

(i) $$\underset{\text{प्रोपीन}}{CH_3CH = CH_2} + I_2 \xrightarrow{500°C} \underset{\text{एलिल आयोडाइड}}{\underset{|\atop I}{C}H_2 - CH = CH_2}$$

या

$$3\underset{|\atop OH}{C}H_2 - CH = CH_2 + PI_3 \xrightarrow{\text{गर्म}} 3\underset{|\atop I}{C}H_2 - CH = CH_2 + H_3PO_3$$

एलिल एल्कोहल

$$\underset{\text{एलिल क्लोराइड}}{\underset{|\atop Cl}{C}H_2 - CH = CH_2} + NaI \xrightarrow[\text{गर्म}]{\text{एसीटोन}} \underset{\text{एलिल आयोडाइड}}{\underset{|\atop I}{C}H_2 - CH = CH_2} + NaCl$$

यह हैलोजन-विनिमय अभिक्रिया है और **फिंकेल्स्टीन अभिक्रिया** कहलाती है।

(ii) $$\underset{\text{ग्लिसरॉल}}{\begin{matrix} CH_2OH \\ | \\ CHOH \\ | \\ CH_2OH \end{matrix}} + 3HI \xrightarrow{-3H_2O} \underset{\text{1,2,3-ट्राई आयोडोप्रोपेन}}{\begin{matrix} CH_2I \\ | \\ CHI \\ | \\ CH_2I \end{matrix}} \xrightarrow[-I_2]{\text{गर्म}} \underset{\text{एलिल आयोडाइड}}{\begin{matrix} CH_2I \\ | \\ CH \\ \| \\ CH_2 \end{matrix}}$$

(2) **एलिल आयोडाइड के गुण :** यह एक रंगहीन द्रव है। इसका क्वथनांक 103.1°$C$ है। एलिल आयोडाइड का हैलोजन परमाणु क्रियाशील होता है। हैलोजन परमाणु का $p$-कक्षक द्विबन्ध के $\pi$-आणविक कक्षक के साथ अंतर्क्रिया नहीं करता क्योंकि ये एक संतृप्त $sp^3$-संकरित कार्बन परमाणु द्वारा पृथक रहता है। इस प्रकार एलिल हैलाइडों में हैलोजन परमाणु आसानी से विस्थापित किया जा सकता है तथा एलिल हैलाइडों की अभिक्रियाएँ, एल्किल हैलाइडों की अभिक्रियाओं के समान होती हैं।

संयोजकता बंध सिद्धान्त के अनुसार हैलोजन परमाणु की क्रियाशीलता आयनन के कारण होती है जिसके द्वारा कार्बोनियम आयन बनता है, जो निम्न प्रकार से अनुनाद द्वारा स्थायित्व प्राप्त करता है

$$CH_2 = CH - CH_2I \longrightarrow$$

$$[CH_2 = CH - \overset{+}{C}H_2 \longleftrightarrow \overset{+}{C}H_2 - CH = CH_2] + I^-$$

**प्रतिस्थापन अभिक्रियाएँ :** नाभिक स्नेही प्रतिस्थापी अभिक्रियाएँ होती हैं।




**योगात्मक अभिक्रियाएँ :** इलेक्ट्रॉन स्नेही योगात्मक अभिक्रियाएँ मार्कोनीकॉफ नियम के अनुसार होती है

$$CH_2 = CH - CH_2I + Br_2 \longrightarrow \underset{1,2-\text{डाईब्रोमो-3-आयोडोप्रोपेन}}{CH_2Br \cdot CHBr \cdot CH_2I}$$

$$CH_2 = CH - CH_2I + HBr \longrightarrow \underset{2-\text{ब्रोमो-1-आयोडोप्रोपेन}}{CH_3CHBrCH_2I}$$

एलिल आयोडाइड का कार्बनिक संश्लेषण में बहुत उपयोग होता है।

## हैलो-एरीन (Halo arenes)

इन यौगिकों में हैलोजन परमाणु सीधे बेंजीन नाभिक के कार्बन से जुड़ा होता है।

(1) **नामकरण :** साधारण नाम एरिल हैलाइड है, और *IUPAC* नाम हैलोएरीन है।

**उदाहरण :**




फेनिल क्लोराइड
या क्लोरोबेन्जीन




फेनिल ब्रोमाइड
या ब्रोमोबेन्जीन

(2) **बनाने की विधियाँ**

(i) ***बेन्जीन वलय का प्रत्यक्ष हैलोजनीकरण***




लुईस अम्ल $= FeX_3, AlX_3, Tl(OAC)_3$ ; $X_2 = Cl_2, Br_2$

(ii) ***डाईएजोनियम लवणों के द्वारा***

$$C_6H_5NH_2 \xrightarrow[5°C]{NaNO_2, HCl} C_6H_5N_2^{\oplus}\overset{\ominus}{C}l -$$

- $\xrightarrow{CuCl} C_6H_5Cl$
- $\xrightarrow{CuBr} C_6H_5Br$
- $\xrightarrow{KI} C_6H_5I$
- $\xrightarrow{H^{\oplus}BF_4^-} C_6H_5F$

(iii) ***हुंसडीकर अभिक्रिया*** :

$$C_6H_5COO^-Ag^+ \xrightarrow{Br_2} C_6H_5Br + CO_2 + AgBr$$

(iv) ***एरिल थैलियम यौगिक से*** :

$$ArH + Tl(OOCCF_3)_3 \xrightarrow[-CF_3CO_2H]{}$$

$$\underset{\text{एरिल थैलियम ट्राईक्लोरोएसीटेट}}{ArTl(OOCF_3)_2} \xrightarrow[\Delta]{KI} ArI$$

(3) **भौतिक गुण**

(i) ***भौतिक अवस्था*** : हैलोएरीन रंगहीन द्रव या क्रिस्टलीय ठोस होते हैं।

(ii) ***विलेयता*** : ये जल में अघुलनशील होते हैं, लेकिन कार्बनिक विलायकों में शीघ्र घुलनशील हैं। अघुलनशीलता, जल में हाइड्रोजन बंध को न तोड़ पाने की योग्यता के कारण होती है। पैरा समावयवी ऑर्थो समावयवी से कम घुलनशील होते हैं।

(iii) हैलो-एरीन्स जल से भारी होते हैं।

(iv) हैलोएरीन्स का क्वथनांक निम्न क्रम में होता है,

आयोडो एरीन > ब्रोमो एरीन > क्लोरो एरीन

### (4) रासायनिक गुण

***क्लोरो बेन्जीन की अक्रिय प्रकृति*** : एरिल हैलाइड, एल्किल हैलाइडों की तुलना में कम क्रियाशील होते हैं क्योंकि इन यौगिकों में हैलोजन परमाणु बेन्जीन वलय से दृढ़ता से जुड़ा रहता है और नाभिक स्नेही जैसे $OH^-, NH_2^-, CN^-$ इत्यादि द्वारा विस्थापित नहीं होता है।



इस प्रकार एरिल हैलाइडों में अनुनाद द्वारा इलेक्ट्रॉनों के विस्थानीकरण के कारण, $C-X$ बंध का अतिरिक्त स्थायित्व और द्विबंध लक्षण बढ़ जाता है। इससे बंध, एकल बन्ध की तुलना में छोटा हो जाता है किन्तु विशेष परिस्थितियों में नाभिक स्नेही प्रतिस्थापन अभिक्रियाएँ सम्पन्न करायी जा सकती हैं,

उदा. (i) ***नाभिकस्नेही प्रतिस्थापन*** :

$$C_6H_5Cl \xrightarrow[500\ atm.]{NaOH,\ 350°C} C_6H_5OH + NaCl$$

(ii) ***इलेक्ट्रॉनस्नेही एरोमैटिक प्रतिस्थापन अभिक्रियाएँ***







(iii) ***वुर्ट्ज फिटिग अभिक्रिया*** :

$$C_6H_5Br + CH_3Br \xrightarrow[\text{ईथर}]{Na} C_6H_5CH_3 + 2NaBr$$

(iv) ***ग्रिगनार्ड अभिकर्मक का निर्माण*** :

$$C_6H_5Br \xrightarrow[\text{ईथर}]{Mg} C_6H_5MgBr$$

(v) ***उलमान अभिक्रिया***



डाईफेनिल

## महत्वपूर्ण हैलोजन व्युत्पन्न (Some important halogen derivatives)

(1) **फ्रियॉन :** मेथेन और एथेन के क्लोरोफ्लोरो व्युत्पन्नों को फ्रियॉन कहते हैं, कुछ व्युत्पन्न निम्न हैं : $CHF_2Cl$ (मोनो क्लोरो डाई फ्लोरो मेथेन), $CF_2Cl_2$ (डाई क्लोरो डाई फ्लोरो मेथेन), $HCF_2CHCl_2$ (1,1-डाई क्लोरो-2,2-डाई फ्लोरो एथेन) ये व्युत्पन्न अज्वलनशीन, रंगहीन, अविषैले और कम क्वथनांक के द्रव होते हैं। ये 550°C तक स्थायी होते हैं। सबसे उपयोगी और महत्वपूर्ण व्युत्पन्न $CF_2Cl_2$ है जो कि सामान्य रूप से फ्रियॉन या फ्रियॉन-12 के नाम से जाना जाता है।

एण्टीमनी पेण्टा क्लोराइड उत्प्रेरक की उपस्थिति में, एण्टीमनी ट्राई फ्लोराइड के साथ कार्बन ट्रेटा क्लोराइड की अभिक्रिया से फ्रियॉन या फ्रियॉन -12 का निर्माण होता है,

$$3CCl_4 + 2SbF_3 \xrightarrow[\text{उत्प्रेरक}]{SbCl_5} 3CCl_2F_2 + 2SbCl_3$$

या एन्टीमनी पेण्टा फ्लोराइड की उपस्थिति में हाइड्रोफ्लोरिक अम्ल के साथ कार्बन टेट्रा क्लोराइड की अभिक्रिया से भी इसे प्राप्त कर सकते हैं,

$$CCl_4 + 2HF \xrightarrow{SbF_5} CCl_2F_2 + 2HCl$$

सामान्य परिस्थितियों में फ्रियॉन एक गैस है। इसका क्वथनांक –29.8°C है। यह आसानी से द्रवित हो जाती है। यह रासायनिक रूप से अक्रिय है। इसे **प्रशीतक** और घरेलू रेफ्रीजरेटर में ठंडक उत्पन्न करने के लिये उपयोग करते हैं। यह ओजोन का अपक्षय करता है।

(2) **टेफ्लॉन :** यह प्लास्टिक जैसा पदार्थ है जो कि टेट्रा फ्लोरोएथिलीन $(CF_2 = CF_2)$ के बहुलीकरण से प्राप्त होता है।

जब क्लोरोफॉर्म को एन्टीमनी ट्राईफ्लोराइड और हाइड्रोफ्लोरिक अम्ल के साथ अभिकृत करते हैं तो टेट्राफ्लोरोएथिलीन का निर्माण होता है।

$$CHCl_3 \xrightarrow[HF]{SbF_3} CHF_2Cl \xrightarrow[-HCl]{800°C} \underset{\text{(b.pt. -76°C)}}{CF_2 = CF_2}$$

बहुलीकरण पर टेट्राफ्लोरोएथिलीन प्लास्टिक जैसे पदार्थ का निर्माण करता है जिसे टेफ्लॉन कहते हैं।

$$\underset{\text{टेट्राफ्लोरो एथिलीन}}{nCF_2 = CF_2} \longrightarrow \underset{\text{टेफ्लॉन}}{(-CF_2 - CF_2-)_n}$$

टेफ्लॉन रासायनिक रूप से अक्रिय है। यह प्रबल अम्लों और अम्लराज से भी प्रभावित नहीं होता है। यह उच्च ताप पर स्थायी है। इसलिए इसे विद्युत रोधी के रूप में, नॉनस्टिक फ्राईंगपेन के निर्माण में उपयोग करते हैं।

(3) **एसीटिलीन टेट्राक्लोराइड (वेस्ट्रॉन), $CHCl_2CHCl_2$ :** एसीटिलीन टेट्राक्लोराइड को सममित टेट्राक्लोरोएथेन के नाम से भी जाना जाता है। यह किसी उत्प्रेरक (फेरिक क्लोराइड, एल्यूमीनियम क्लोराइड, आयरन, क्वार्ट्ज या किसलगुहर) की उपस्थिति में एसीटिलीन पर क्लोरीन की अभिक्रिया के द्वारा निर्मित होता है।

$$CH \equiv CH + 2Cl_2 \longrightarrow \underset{\text{(1,1,2,2 – टेट्राक्लोरोएथेन)}}{CHCl_2 \cdot CHCl_2}$$

उत्प्रेरक की अनुपस्थिति में क्लोरीन और एसीटिलीन के बीच अभिक्रिया बहुत विस्फोटक होती है जो कि कार्बन और $HCl$ का निर्माण करती है। उत्प्रेरक की उपस्थिति में अभिक्रिया कम उग्र होती है।

यह भारी और अज्वलनशील द्रव है। इसका क्वथनांक 146°C है। यह बहुत जहरीला होता है। इसकी गंध क्लोरोफॉर्म के समान होती है। यह जल में अघुलनशील है लेकिन कार्बनिक विलायक में घुलनशील है।

आगे क्लोरीनीकरण करने पर यह पेण्टा और हैक्साक्लोरोएथेन का निर्माण करता है। कैल्शियम हाइड्रॉक्साइड के साथ गर्म करने पर यह एक उपयोगी उत्पाद वेस्ट्रोसॉल $(CCl_2 = CHCl)$ में परिवर्तित हो जाता है।

$$\underset{\text{वेस्ट्रॉन}}{2CHCl_2-CHCl_2}+Ca(OH)_2\longrightarrow$$

$$\underset{\substack{\text{वेस्ट्रॉसॉल}\\ \text{(ट्राईक्लोरोएथेन)}}}{2CHCl=CCl_2}+CaCl_2+2H_2O$$

वेस्ट्रोन और वेस्ट्रोसॉल दोनों तेल, वसा, मोम, रेजिन, वार्निश और पेन्ट्स आदि के लिये विलायक के रूप में प्रयुक्त होते हैं।

(4) **पैरा-डाईक्लोरो बेन्जीन :** यह बेन्जीन के क्लोरीनीकरण द्वारा निर्मित होता है।

यह एक सफेद, वाष्पशील ठोस है जिसका गलनांक 325 *K* है और यह शीघ्र ऊर्ध्वपातित होता है। यह गुणों में क्लोरोबेन्जीन के साथ समानता दर्शाता है।

यह साधारण कीटनाशक, कीटाणुनाशक और मिट्टी को सुगंधित करने में प्रयुक्त होता है। यह पीच टी बोरर और कपड़े के कीड़ों के लिये नाशक के रूप में उपयोग होता है

(5) **डीडीटी; 2, 2-बिस (पैरा-क्लोरोफेनिल) –1,1,1-ट्राई क्लोरो एथेन :**




क्लोरल (1 मोल) क्लोरोबेन्जीन (2 मोल) डी.डी.टी.

**डीडीटी के गुण और उपयोग**

(i) डीडीटी अधिकांशतः जल में घुलनशील नहीं है लेकिन सामान्यतः ध्रुवीय विलायकों में घुलनशील है।

(ii) यह एक प्रबल कीटनाशक है। यह अधिकतर मच्छरों और दूसरे कीड़ों को मारने के लिये प्रयुक्त होता है।

**डीडीटी के दुष्प्रभाव :** यह जैव अपघटक नहीं हैं। इसके अवशेष वातावरण में रहते हैं और इसका लम्बा प्रभाव बहुत घातक हो सकता है। यह जीवित प्राणियों के लिये बहुत जहरीला सिद्ध हो चुका है। इस कारण से कई पश्चिमी देशों में इसका उपयोग बंद कर दिया गया है। दूसरे सस्ते कीटनाशकों के अभाव के कारण यह कई दुष्प्रभावों के बाद भी भारत में बहुत उपयोग. होता है

(6) **बी.एच.सी. (बेन्जीन हैक्सा क्लोराइड)] CHCl :**




बेन्जीन BHC

**उपयोग :** यह एक महत्वपूर्ण कृषि कीटनाशक है अधिकतर सफेद चींटी, लीफ हूपर, टरमाइट इत्यादि को नाश करने में उपयोग होता है। इसका साधारण नाम गेमेक्सीन, लिण्डेन या 666 है।

❒ $C_6H_6Cl_6$ *का aaaeee संरूपण सबसे प्रबल कीटनाशक है।*

(7) **परफ्लोरोकार्बन्स (पीएफसी) :** वाष्पित एल्केनों को उत्प्रेरक की उपस्थिति में, नाइट्रोजन गैस के साथ तनु करते हुए नियंत्रित फ्लोरीनीकरण द्वारा परफ्लोरोकार्बन $(C_nF_{2n+2})$ को प्राप्त करते हैं,

$$C_7H_{16}+16F_2\xrightarrow[CoF_2\text{(उत्प्रेरक)}]{\text{वाष्प प्रावस्था}\ ,N_2,573\,K}\underset{\text{परफ्लोरोहैप्टेन}}{C_7F_{16}}+16HF$$

यह रंगहीन, गंधहीन, अविषैला, अक्षरणीय, अज्वलनशील, अध्रुवीय, अधिक स्थायी, अक्रियाशील गैस, ठोस और द्रव होते हैं, यह पराबैंगनी विकिरण एवं अन्य आयनीकरण विकिरणों में स्थायी है इसलिए ये फ्रिऑन के समान ओजोन परत को विघटित नहीं करते हैं।

यह अच्छे विद्युतरोधी हैं। इसके महत्वपूर्ण उपयोग इस प्रकार से हैं :

(i) इनका उपयोग स्नेहक, परावैद्युत और सतह आवरण में करते हैं।

(ii) इनका उपयोग उच्च विभव संचालित विद्युत यंत्रों में ऊष्मा स्थानांतरण माध्यम के रूप में करते हैं।

(iii) इसका उपयोग इलेक्ट्रोनिक उद्योग में वाष्प अवस्था सोल्डरिंग, बंधित माइक्रोचिप के कुल लिकेज के निर्धारण में होता है।

(iv) इसका उपयोग स्वास्थ्य एवं दवा उद्योग में भी होता है जैसे त्वचा प्रसाधन, घाव का भरना, लिक्विड वेन्टीलेशन, कार्बनमोनोऑक्साइड के जहरीले प्रभाव एवं कई चिकित्सीय उपचारों में होता है।

## कार्बधात्विक यौगिक (Organometallic compound)

कार्बनिक यौगिक जिनमें एक धातु परमाणु कार्बन से प्रत्यक्ष रूप से जुड़ा होता है या वह कार्बनिक यौगिक जिनमें कम से कम एक कार्बन-धातु बंध होता है, कार्बधात्विक यौगिक कहलाते हैं।

*उदाहरण :* मेथिल लीथियम $(CH_3Li)$; डाई एल्किल जिंक $(R_2Zn)$; एल्किल मैग्नीशियम हैलाइड $(R-Mg-X)$

(1) **मेथिल लीथियम :**

$$\underset{\text{मेथिल आयोडाइड}}{CH_3I}+2Li\xrightarrow[-10°C]{\text{ईथर}}\underset{\text{मेथिल लीथियम}}{CH_3Li}+LiI$$

❒ *$CH_3Li$ की ग्रिगनार्ड अभिकर्मक की अपेक्षा उच्च क्रियाशीलता, $C-Mg$ बंध की तुलना में $C-Li$ बंध के प्रबल ध्रुवीय लक्षण के कारण होती है।*

***रासायनिक गुण***

(i) $CH_3-Li+H\cdot OH\longrightarrow CH_4+LiOH$

(ii) $CH_3-Li+\underset{\diagdown O \diagup}{CH_2-CH_2}\longrightarrow CH_3CH_2CH_2OLi$

$$\xrightarrow{H_2O}CH_3CH_2CH_2OH+LiOH$$

(iii) $CH_3-Li+CO_2\longrightarrow CH_3-\overset{O}{\overset{\|}{C}}-O-Li$

$$\xrightarrow{H_2O}CH_3COOH+LiOH$$

(iv) $CH_3-Li+H-\underset{H}{\underset{|}{C}}=O\longrightarrow CH_3CH_2-O-Li$

$$\xrightarrow{H_2O}CH_3CH_2OH+LiOH$$

❒ *एल्किल लीथियम, ऑलीफिनिक बन्ध से जुड़ सकता है जबकि ग्रिगनार्ड अभिकर्मक नहीं जुड़ता।*

❒ $R-Li+CH_2=CH_2\longrightarrow R-CH_2-CH_2-Li$

(2) **डाईएल्किल जिंक :** यह पहला कार्बधात्विक यौगिक है जो कि 1849 में फ्रेंकलेंड के द्वारा खोजा गया।

$$2RI+2Zn\xrightarrow[CO_2]{\text{गर्म}}2R-Zn-I\xrightarrow[CO_2]{\text{गर्म}}\underset{\text{डाईएल्किल जिंक}}{R_2Zn}+ZnI_2$$

***रासायनिक गुण***

चतुष्क हाइड्रोकार्बन के निर्माण में :

$$(CH_3)_3CCl + (CH_3)_2Zn \longrightarrow \underset{\text{नियोपेण्टेन}}{(CH_3)_4C} + CH_3ZnCl$$

(3) **ग्रिगनार्ड अभिकर्मक :** एल्कोहल मुक्त शुष्क ईथर की उपस्थिति में शुष्क जले मैग्निशियम पर एल्किल हैलाइड की अभिक्रिया के द्वारा ग्रिगनार्ड अभिकर्मक का निर्माण होता है।

सोल्वोलाइसिस (विलायकन) के द्वारा शुष्क ईथर, ग्रिगनार्ड अभिकर्मक को घोल लेता है।



अपनी विस्फोटक प्रकृति के कारण ग्रिगनार्ड अभिकर्मक कभी भी मुक्त अवस्था में पृथक् नहीं किया जाता है।

❒ *दिये गये एल्किल मूलकों के लिये ग्रिगनार्ड अभिकर्मक के निर्माण का क्रम है आयोडाइड > ब्रोमाइड > क्लोराइड।*

***अधिकांशतः एल्किल ब्रोमाइड का उपयोग होता है।***

❒ *दिये हुए हैलोजन के लिये ग्रिगनार्ड अभिकर्मक के निर्माण का क्रम है,* $CH_3X > C_2H_5X > C_3H_7X$..........

❒ *चूँकि तृतीयक एल्किल आयोडाइड, HI को विलोपित करके एल्कीन देते हैं, तृतीयक एल्किल क्लोराइड इनके स्थान पर प्रयुक्त होता है।*

❒ *ग्रिगनार्ड अभिकर्मक उन यौगिकों से नहीं बन सकता है जिनमें हैलोजनों के अलावा कुछ क्रियाशील समूह जैसे – OH उपस्थित होते हैं क्योंकि ये ग्रिगनार्ड अभिकर्मक से शीघ्र अभिक्रिया करते हैं।*

*ग्रिगनार्ड अभिकर्मक का C–Mg बंध कुछ-कुछ संयोजक होता है लेकिन प्रबल ध्रुवीय होता है।*

$$-\overset{|}{\underset{|}{C}}{}^{\delta-} \longleftarrow \overset{\delta+}{Mg}X \quad \text{या} \quad \overset{\delta-}{R} - \overset{\delta+}{Mg}X$$

एल्किल समूह कार्बऋणायन की तरह व्यवहार करते हैं।

ग्रिगनार्ड अभिकर्मक की अभिक्रियाएँ दो समूहों में होती हैं :

(i) यौगिक जिनमें सक्रिय हाइड्रोजन परमाणु या सक्रिय हैलोजन परमाणु होता है उनके साथ उभयअपघटन

$$RMgX + HOH \longrightarrow RH + Mg(OH)X$$

$$RMgX + D_2O \longrightarrow RD + Mg(OD)X$$

$$RMgX + R'OH \longrightarrow RH + Mg(OR')X$$

$$RMgX + R'NH_2 \longrightarrow RH + Mg(R'NH)X$$

$$RMgX + R'I \longrightarrow R - R' + MgIX$$

$$RMgX + ClCH_2OR' \longrightarrow RCH_2OR' + MgClX$$

(ii) न्यूक्लियोफिलिक योगात्मक अभिक्रियाएँ

$>C=O$ ; $-C \equiv N$, $>C=S$ यौगिकों के साथ



## Tips & Tricks

✍ एल्केन का आयोडीनीकरण एक उत्क्रमणीय प्रक्रम है इसलिए आयडो एल्केन का निर्माण केवल $HIO_3$ जैसे ऑक्सीकारकों की उपस्थिति में संभव है।

✍ मेथेन का आयोडीनीकरण नहीं होता है।

✍ एल्केन का फ्लोरीनीकरण उच्चतर एल्केनों में $C-C$ बन्धों के टूट जाने से होता है। इसलिये एल्किल फ्लोराइड सामान्यतः हैलाइड विनिमय अभिक्रियाओं द्वारा निर्मित होता है।

✍ फॉस्फोरस हैलाइड प्रयोगशाला में सामान्यतः निम्नतर एल्किल ब्रोमाइड निर्मित करने में उपयोगी हैं।

✍ $SOBr_2$ कम स्थायी है एवं $SOI_2$ का अस्तित्व नहीं है। इस प्रकार, $R-Br$ एवं $R-I$ डार्जन विधि द्वारा निर्मित नहीं हो सकते हैं।

✍ हुंसडीकर अभिक्रिया मुक्त मूलक क्रियाविधि द्वारा होती है। यह कार्बन श्रृंखला की लम्बाई घटाने में उपयोगी है।

✍ $S_N1$ क्रियाविधि के प्रति हैलाइडों की क्रियाशीलता है 3°>2°>1°.

✍ $S_N2$ क्रियाविधि के प्रति हैलाइडों की क्रियाशीलता हैं 1°>2°>3°.

✍ ध्रुवीय विलायक $S_N1$ क्रियाविधि अनुकूलित करते हैं।

✍ अध्रुवीय विलायक $S_N2$ क्रियाविधि अनुकूलित करते हैं।

✍ नाभिक स्नेही की उच्च सान्द्रता $S_N2$ क्रियाविधि अनुकूलित करती है जबकि नाभिकस्नेही की न्यून सान्द्रता $S_N1$ क्रियाविधि अनुकूलित करती है।

✍ $S_N1$ अभिक्रिया में आंशिक रेसेमिकरण पाया जाता है इसके साथ मुख्य रुप से प्रतीप उत्पाद प्राप्त होता है जबकि $S_N2$ अभिक्रिया में प्रतीप उत्पाद बनता है।

✍ हैलाइड आयनों के बीच नाभिकस्नेहिता का क्रम है $I^- > Br^- > Cl^- > F^-$.

✍ विलोपी अभिक्रियाओं के दौरान कम संख्या वाले $H$ परमाणु के कार्बन परमाणु से एक $H$ परमाणु निकल जाता है।

✍ LPG (घरेलू गैस) में लीकेज ढूढ़ने के लिये $C_2H_5SH$ (एथिल मरकैप्टन) का उपयोग होता है। इस यौगिक की विशिष्ट गंध होती है।

✍ सेण्डमेयर अभिक्रिया में, $CuCl$ का $Cl$ बेंजीन वलय से जुड़ा रहता है।

✍ नाभिक हैलोजनीकरण, इलेक्ट्रॉनस्नेही प्रतिस्थापन क्रियाविधि द्वारा होता है जबकि पार्श्व श्रृंखला हैलोजनीकरण मुक्त मूलक क्रियाविधि द्वारा होता है।

✍ एरिल हैलाइड एवं विनाइल हैलाइड ($CH_2 = CH - X$) एल्किल हैलाइड से क्रम क्रियाशील हैं एवं आसानी से जलअपघटित नहीं होते। इस प्रकार एल्किल हैलाइड $NaOH$ के साथ अभिक्रिया पर रंगीन अवक्षेप देते हैं किन्तु एरिल एवं विनाइल हैलाइड नहीं देते हैं।

✍ निश्चेतक के रुप में क्लोरोफॉर्म का प्रतिदर्श उपयोग करने से पहले इसे $AgNO_3$ के जलीय विलयन द्वारा परीक्षित किया जाता है। शुद्ध प्रतिदर्श जलीय $AgNO_3$ के साथ अवक्षेप नहीं देता है।

✍ हैलोथेन, $CF_3$-$CHClBr$, सामान्य निश्तेचक है जो डाई एथिल ईथर के स्थान पर उपयोग होता है।

✍ $C$ में $d$-कक्षकों की अनुपलब्धता के कारण $CCl_4$ उबले जल के साथ जलअपघटन का प्रतिरोध करता है।

✍ $C_2Cl_6$ एक ठोस है एवं कृत्रिम कपूर कहलाता है।

✍ क्लोरोबेन्जीन रासायनिक रुप से रेशिग विधि द्वारा उत्पन्न होता है।

# Ordinary Thinking

### Objective Questions

## हैलोजनयुक्त यौगिकों का परिचय

1. अणुसूत्र $C_3H_7Cl$ वाले यौगिक के कितने संरचनात्मक समावयवी संभव हैं [MH CET 2001]
   (a) 2 (b) 5
   (c) 7 (d) 9
2. $CH_3CH_2Br$ में $Br$ का % है [DPMT 1996]
   (a) 80 (b) 75
   (c) 70 (d) 7
3. जैम-डाई ब्रोमाइड है [RPMT 2000]
   (a) $CH_3CH(Br)OH(Br)CH_3$ (b) $CH_3CBr_2CH_3$
   (c) $CH_2(Br)CH_2CH_2$ (d) $CH_2BrCH_2Br$
4. एथिलीडीन डाईब्रोमाइड है
   (a) $CH_3-CH_2-Br$ (b) $Br-CH_2-CH_2-Br$
   (c) $CH_3-CHBr_2$ (d) $CH_2=CBr_2$
5. बेन्जायलीडीन क्लोराइड है
   (a) $C_6H_5CH_2Cl$ (b) $C_6H_5CHCl_2$
   (c) $C_6H_4ClCH_2Cl$ (d) $C_6H_5CCl_3$
6. निम्न में कौन सा हैलाइड $2^o$ है
   (a) आइसोप्रोपिल क्लोराइड (b) आइसोब्यूटिल क्लोराइड
   (c) *n*-प्रोपिल क्लोराइड (d) *n*-ब्यूटिल क्लोराइड
7. हैलोफॉर्म निम्न के ट्राईहैलोजन व्युत्पन्न है [CPMT 1985]
   (a) एथेन (b) मेथेन
   (c) प्रोपेन (d) बेन्जीन
8. बेन्जीन हैक्साक्लोराइड है
   (a) 1, 2, 3, 4, 5, 6- हैक्साक्लोरोसाइक्लोहैक्सेन
   (b) 1, 1, 1, 6, 6, 6- हैक्साक्लोरोसाइक्लोहैक्सेन
   (c) 1, 6-फेनिल-1, 6-क्लोरोहैक्सेन
   (d) 1, 1- फेनिल -6, 6- क्लोरोहैक्सेन
9. बेन्जीन हैक्साक्लोराइड (BHC) में $\pi$ - बन्धों की संख्या है [RPMT 1999]
   (a) 6 (b) शून्य
   (c) 3 (d) 12
10. एल्किल हैलाइडों का सामान्य सूत्र है
   (a) $C_nH_{2n+1}X$ (b) $C_nH_{2n+2}X$
   (c) $C_nH_{n+1}X$ (d) $C_nH_{2n}X$
11. निम्न में से कौनसा प्राथमिक हैलाइड है [DCE 2004]
   (a) आइसोप्रोपिल आयोडाइड (b) द्वितीयक ब्यूटिल आयोडाइड
